राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (S-366) अलेसे– I/ 1887–1890 दिनांकः– 23/11/2022

**श्री शिवदयाल बैरवा,**
**सहायक लेखाधिकारी ग्रेड– I,**
**वित्तीय सलाहकार एवं**
**मुख्य लेखाधिकारी,**
**जल प्रदाय एवं सीवरेज प्रबन्ध मण्डल,**
**जयपुर।**

## कारण बताओ नोटिस

**विषयः–** नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण नहीं करने के सम्बंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि निदेशालय के आदेश क्रमांक 525 दिनांक 15.06.2022 के द्वारा आपका स्थानान्तरण वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, जल प्रदाय एवं सीवरेज प्रबन्ध मण्डल, जयपुर से प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन, जयपुर में किया गया था, किन्तु आप द्वारा आदिनांक तक नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण नहीं किया गया। आप द्वारा उक्त आदेश की पालना नहीं करना गम्भीर लापरवाही एवं राजकीय आदेशों की स्पष्ट अवहेलना है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप निदेशालय के आदेश दिनांक 15.06.2022 की पालना में अतिशीघ्र नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण करें एवं आदिनांक तक नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण नहीं किये जाने के सम्बंध में अपना स्पष्टीकरण तीन कार्य दिवस में आवश्यक रूप से इस विभाग को प्रस्तुत करें, कि क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावें।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

**क्रमांकः– एफ.2 (क) (S-366) अलेसे– I/** 1887– 1890 दिनांकः– 23/11/2022

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, जल प्रदाय एवं सीवरेज प्रबन्ध मण्डल, जयपुर।
2. प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन, जयपुर।
3. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

कमरा न. 304, ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.rajasthan.gov.in, E-Mail Id – aao1.dta@rajasthan.gov.in Fax-2740735, Tel.- 2744134